शिमला से प्रकाशित

सरोकारी पत्रकारिता के लिए समर्पित

शैल समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक साप्ताहिक

प्रकाशन का 47 वां वर्ष

ई-पेपर

www.facebook.com/shailsamachar

प्रदेश का पहला ऑनलाईन साप्ताहिक

वर्ष 47 अंक-49 पंजीकरण आरएनआई 26040/74 डाक पजीकरण एच. पी./93/एस एम एल Valid upto 31-12-2023 सोमवार 05-12 दिसम्बर 2022 मूल्य पांच रूपए

कांग्रेस को मिली प्रदेश की सरकार सुखविन्दर सिंह सुक्खू बने मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे उप मुख्यमंत्री

- मंत्रीमण्डल विस्तार में लग सकता है समय
- पार्टी में गुटबाजी का सन्देश जाना हो सकता है नुकसानदेह
- शैल का चुनावी आकलन हुआ सही साबित

शिमला/शैल। हिमाचल में सत्ता परिवर्तन हो गया है कांग्रेस 40 सीटें जीत कर सत्ता पर काबिज हो गयी है। सोलन और हमीरपुर में भाजपा शून्य हो गयी है। शिमला, ऊना और कांगड़ा में भी कांग्रेस का प्रदर्शन शानदार रहा है। यदि मंडी और बिलासपुर में भी इसी स्तर का प्रदर्शन रहता तो निश्चित रूप से कांग्रेस का आंकड़ा 50 से भी बड़ जाता। मंडी और बिलासपुर का परिणाम भाजपा तथा कांग्रेस दोनों दलों के लिये अपने-अपने तौर पर चिन्तन और चिन्ता का विषय है। जबकि आम आदमी के लिए बिलासपुर सदर में जो कुछ घटा है वह चुनावी व्यवस्था पर सवाल खड़े करने का पर्याप्त आधार दे देता है। शैल के पाठक जानते हैं कि हमारा आकलन पूरी तरह सही साबित हुआ है। हम लगातार सत्ता परिवर्तन को लेकर आश्वस्त रहे हैं। लेकिन इस सत्ता परिवर्तन के बाद बड़ा सवाल यह होगा कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरी सफलता के साथ पूरा करे और प्रदेश की जनता को दी 10 गारन्टियों को शीघ्र से शीघ्र पूरा करे। नई सरकार पर यह सवाल इसलिये खड़ा हो रहा है कि जब पर्यवेक्षकों ने नेता चुनने को लेकर जब विधायकों के साथ बैठक की तब कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग नेताओं के समर्थन में नारेबाजी कर दी। इस नारेबाजी के परिदृश्य में विधायकों की बैठक के बाद यह सामने आया कि सुखविन्दर सिंह मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री तथा विक्रमादित्य सिंह उपमुख्यमंत्री नामित हुये हैं। मीडिया में इस आश्य के समाचार भी प्रसारित हो गये हैं। लेकिन जब शपथ ग्रहण समारोह हुआ तो सिर्फ सुखविन्दर सिंह सुक्खु और मुकेश अग्निहोत्री की ही शपत हुई। विक्रमादित्य का नाम गायब हो गया। ऐसा क्यों हुआ इसकी कोई अधिकारी जानकारी आने की बजाये पार्टी में गुटबाजी होने के समाचार आने लग गये। यह सब आम आदमी के सामने घटा है और अनचाहे ही चर्चा का विषय बन गया है। इसी चर्चा के कारण मंत्रिमण्डल के गठन में समय लगने की बात हो रही है। बल्कि कुछ अन्य आवश्यक नयुक्तियां होने में भी समय लग रहा है। यह समय लगना और पार्टी के भीतर पहले दिन से गुटबाजी होने के समाचार आना आगे चलकर क्या रंग दिखाएंगे यह अभी से एक चिन्तन का विषय बन गया है क्योंकि विपक्ष में भाजपा है। गैर भाजपा सरकारों को तोड़ने के लिये ऑपरेशन लोटस कैसे चलता रहा है यह किसी से छिपा नहीं है। इसी परिदृश्य में यह चर्चा करना प्रसांगिक हो जाता है कि इस समय प्रदेश कांग्रेस में स्व. वीरभद्र के कद का कोई नेता नहीं है। उस कद का नेता बनने के लिये सभी को समय लगेगा। अभी कांग्रेस को अगले लोकसभा चुनावों तक स्व. वीरभद्र सिंह को अधिमान देकर चलना होगा। क्योंकि जब भी जयराम सरकार के फैसलों और उसके कार्यो पर सवाल उठेंगे तो उनका आकलन वीरभद्र सरकार के कार्यकाल से ही करना होगा। अगले लोकसभा चुनाव तक सुक्खु सरकार का केवल एक वर्ष की पूरा हुआ होगा। इस वर्ष में ओ.पी.एस., महिलाओं को 1500 रूपये प्रतिमाह तथा 300 यूनिट बिजली मुफ्त और एक लाख रोजगार सृजित करना ऐसे आर्थिक फैसले होंगे जिनमें साधन आवश्यक होंगे। यह साधन कैसे जूटाये जाते हैं इस पर सबकी निगाहें रहेंगी। चुनावों के दौरान कांग्रेस अपना आरोप पत्र जनता के बीच जारी कर चुकी है। इस पर ही कैसे अगली कारवाही शुरु होगी इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी। आरोप पत्र पर कारवाई का सीधा प्रभाव राजनेताओं से पहले प्रशासन पर पड़ेगा। अभी शिमला नगर निगम के चुनावों का सामना करना पड़ेगा। इन चुनावों में एन.जी.टी. का फैसला और उस फैसले की अवहेलना के मामले एक बड़ा सवाल रहेंगे। क्योंकि अवहेलना का आरोप सरकार पर भी लग चुका है। इस संद्धर्भ में सरकार के स्टैण्ड का असर पूरे प्रदेश पर पड़ेगा। यह सब लोकसभा चुनाव से पहले हो जायेगा। इसका प्रभाव लोकसभा चुनाव पर अवश्य पड़ेगा। इसलिये सरकार को एक दूरगामी चिन्तन करके चलना होगा। इस वस्तुस्थिति में यह पहली आवश्यकता होगी की पार्टी में गुटबाजी होने का कोई भी परोक्ष/अपरोक्ष सन्देश नहीं जाना चाहिये। अभी कांग्रेस के हर नेता को हर आयोजन के मंच पर स्व. वीरभद्र सिंह को याद करना पड़ता है क्योंकि सरकार की अपनी परफॉरमैन्स को सामने आने में समय लगेगा। इसलिये विश्लेष्कों की नजर में 2024 के लोकसभा चुनाव तक वीरभद्र परिवार के सम्मान को किसी भी तरह की ठेस पहुंचाना नुकसानदेह हो सकता है। इन चुनावों में पार्टी को मण्डी लोकसभा क्षेत्र में कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। लेकिन बिलासपुर में भी चार में से 3 सीटें कांग्रेस हार गयी है। वहां पर सदर चुनाव क्षेत्र में चुनाव आयोग का आचरण जिस तरह का रहा है उसको बम्बर ठाकुर ने सीधा जगत प्रकाश नड्डा पर आरोप लगाया है। परन्तु कांग्रेस पार्टी की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया न आना अपने में कई सवाल खड़े कर जाता है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खु का संगठन लम्बा अनुभव है वह यह अच्छी तरह से समझते हैं कि संगठन की छोटी घटनाएं भी कई बार बड़ा आकार ले लेती हैं। ऐसे में यह सुक्खु और मुकेश के लिये टैस्ट होगा कि वह गुटबाजी के सन्देश को कैसे रोक पाते हैं।

राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आह्वान किया

शिमला/शैल। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सशस्त्र सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान

सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी सदस्यों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक, ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल के कोट पर सशस्त्र सेना का झंडा लगाया।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने देने और सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों के कल्याण के लिए कार्य व सेवा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित है। देश के सैनिक कठिन परिस्थितियों के समय और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान देश व नागरिकों की मदद करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों का गौरवशाली इतिहास रहा है। सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों ने देश की सेवा करते हुए जो बलिदान दिया है, वह उल्लेखनीय है।

उन्होंने कहा कि मैं इन सैनिकों के साहस और समर्पण को सलाम करता हूं और देश के लिए उनकी वीरता और सेवा के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के वीर सपूत हमारे सशस्त्र बलों का गौरव हैं इसलिए यह और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम सभी इस नेक काम के लिए उदारता से योगदान दें।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल को भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, उनके आश्रितों और सेवारत सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण के लिए विभाग द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा

शिमला/शैल। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने राजभवन

पहुंच कर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। राज्यपाल ने इसे स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार, हिमाचल प्रदेश विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। उन्होंने जय राम ठाकुर के नेतृत्व वाली राज्य की वर्तमान सरकार से अनुरोध किया है कि वह पद पर बने रहें और अपने कार्यों का निर्वहन तब तक करें जब तक कि नई विधानसभा का गठन न हो जाये और नई सरकार न बन जाए।

इस संबंध में राजभवन से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

सीबीएफसी की नवनियुक्त सदस्य ने राज्यपाल से भेंट की

शिमला/शैल। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से राजभवन में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की नवनियुक्त सदस्य भारती कुठियाला ने भेंट की। राज्यपाल ने भारती कुठियाला को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर बधाई दी। उन्होंने भारती कुठियाला और हिम सिने सोसाइटी को भविष्य में फिल्म से जुड़े विषयों पर और अधिक लगन और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी महिला को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के लिए मनोनीत किया गया है जो गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर रंगमंच के लिए अलग विभाग बनाने के मुद्दे पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोक कलाओं को बढ़ावा देने से निश्चित रूप से स्थानीय कलाकारों को उचित मंच प्राप्त होगा।

इस अवसर पर भारती कुठियाला ने राज्यपाल को 'हिम सिने सोसाइटी एक सोच' संस्था की गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, कलात्मक और नैतिक मूल्यों को फिर से स्थापित करना, हिमाचलियों के सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ सामाजिक हित एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य कला और सिनेमा में रुचि रखने वाले व्यक्तियों और फिल्म निर्माण में इच्छुक युवाओं को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को स्व: लिखित पुस्तकों का एक सेट भी भेंट किया।

इस अवसर पर हिम सिने सोसाइटी के कोषाध्यक्ष अनुज पंत और सदस्य कपिल शर्मा भी उपस्थित थे।

सामाजिक सौहार्द भारतीय संस्कृति की पहचान: राज्यपाल

शिमला/शैल। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि सामाजिक समरसता भारतीय संस्कृति की पहचान है और यह प्रत्येक नागरिक

का कर्तव्य है कि वे इसे बनाए रखने में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

राज्यपाल शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों के देश पर प्रभावी होने को भी सद्भाव की कमी होना बताया। उन्होंने कहा कि अगर देश में सद्भाव होता तो वे हमारी सामाजिक व्यवस्था को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। उन्होंने समरसता और समानता को अलग-अलग विषय बताया और कहा कि संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया है। जबकि सद्भाव की गारंटी किसी ने नहीं ली।

राज्यपाल ने कहा कि सद्भाव की गारंटी समाज को खुद लेनी होगी और इसके लिए समाज में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की तरह सुनील उपाध्याय ने भी अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थी परिषद के स्वयंसेवक देश में लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में जातिवाद से जुड़ी कुछ घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि हम सभी को इस दिशा में काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियों और स्कूली स्तर पर पिछड़े वर्गो के नाम पर ऐसा होना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने लोगों से बाबा साहेब अम्बेडकर की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने बाबा साहेब को हिंदू समाज सुधारक बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की इस ताकत का पूरी दुनिया में प्रसार करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए और इसे अमल में लाना चाहिए।

इससे पहले, राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर ने कहा कि जिस तरह यशवंत राव केलकर छात्र संगठन की ताकत थे उसी तरह सुनील उपाध्याय हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय विचारधारा लेकर आए। उन्होंने आयोजकों से सुनील उपाध्याय के जीवन पर आधारित एक पुस्तक प्रकाशित करने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सुनील उपाध्याय में व्यक्तित्व निर्माण और लोगों को जोड़ने की शक्ति थी। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन पर भी प्रकाश डाला और कहा कि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक भारत में पूरी तरह से समरसता नहीं होगी तब तक भारत शक्तिशाली और समर्थ नहीं बन पाएगा। उन्होंने इसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार गुप्ता ने राज्यपाल का स्वागत किया और कहा कि ये ट्रस्ट, सुनील उपाध्याय के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव प्रो. सुरेंद्र शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

शैल समाचार
संपादक मण्डल

संपादक- बलदेव शर्मा
सयुक्त संपादक:जे.पी.भारद्वाज
विधि सलाहकार: ऋचा
अन्य सहयोगी
राजेश ठाकुर
अंजना

पूर्व सैनिकों के लिए महारैली का आयोजन

शिमला/शैल। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के 1000 से अधिक पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की आवश्यकताओं और शिकायतों के संदर्भ में राइजिंग स्टार कोर द्वारा योल में एक महा रैली का आयोजन किया गया। लैफ्टिनेंट जनरल नव के खण्डूरी, एवीएसएम, वीएसएम, आर्मी कमाण्डर, पश्चिमी कमान इस महारैली के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। आर्मी कमाण्डर ने समारोह में उपस्थित पुरस्कृत विजेताओं और वीर नारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए आर्मी कमाण्डर ने कहा कि

हमारे सम्मानित दिग्गजों और बहादुर वीर नारियों की उपलब्धियां भारतीय सेना में हमारे लोकाचार के मूल में हैं।

उन्होनें वीर नारियों के त्याग और बलिदान के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया और साथ ही वीर विजेताओं को भी सम्मानित किया। भारत सरकार एवं भारतीय सेना द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए हाल ही में शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को अवगत कराया गया।

भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों की शिकायतों के निवारण के अतिरिक्त, कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया और कल्याणकारी योजनाओं की पूर्व सैनिकों तक आसान पहुँच सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर भारतीय सेना के पूर्व सैनिक निदेशालय, सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के प्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को प्रमुख सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। गतका, कलारिपयट्ट सहित एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम और राइजिंग स्टार कोर के संयुक्त पाईप बैण्ड के शानदार प्रदर्शन ने धौलाधार पर्वतमाला की सुरम्य पृष्ठ भूमि में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन पूर्व सैनिकों के साथ मेल-मिलाप को मजबूत करने और निकट सम्बन्ध बनाए रखने के लिए पश्चिमी कमान के अथक प्रयासों का हिस्सा है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की

शिमला/शैल। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिमला

के रिज पर आयोजित एक भव्य समारोह में सुखविंदर सिंह सुक्खू को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल ने इस अवसर पर मुकेश अग्निहोत्री को प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई।

राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, वरिष्ठ राष्ट्रीय कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल और आनंद शर्मा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला, जितेंद्र बिट्टू और सचिन पायलट, मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री के परिजन, विधायकगण, कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोग भारी संख्या में इस अवसर पर उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

हिमाचल भवन व राज्य अतिथि गृहों में विधायकों को देना होगा आम लोगों के समान किराया

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक की

अध्यक्षता की।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि विधायकों एवं उनके परिजनों को हिमाचल भवन/सदन और राज्य अतिथि गृहों में आम जनता के समान कमरों के किराए की अदायगी करनी होगी।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार जन शिकायतों के निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन में पारदर्शिता लाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

अटल टनल पर सोनिया गांधी की शिलान्यास पटिका पुनर्स्थापित की जाये: मुख्यमंत्री

शिमला/शैल। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार सोनिया गांधी द्वारा रखी गई अटल टनल रोहतांग की आधारशिला पटिका को पुनर्स्थापित करने का मामला संबंधित प्राधिकारी के समक्ष रखा जाएगा। यह पटिका सोनिया गांधी द्वारा 28 जून, 2010 को बतौर राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में स्थापित की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शिलान्यास पटिका गायब है जो लोकतंत्र का अपमान है और इसे शीघ्र पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति को बारहमासी संपर्क सुविधा बहाल रखने के दृष्टिगत इस 9.02 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया गया था।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी ने पहले भी इस पटिका की पुनर्स्थापना को लेकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष मामला उठाया है।

सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी:प्रतिभा सिंह

शिमला/शैल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को उनके कार्यालय सचिवालय में जाकर उन्हें फूलों का गुच्छा दिया साथ ही उन्हें इस पद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने पूरी एकजुटता के साथ कार्य करते हुए इन चुनावों में शानदार जीत हासिल की हैं। उन्होंने इस जीत के लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और लोगों के विश्वास से कांग्रेस को यह जीत हासिल हुई है।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर और मजबूत तालमेल बना रहेगा, जिससे प्रदेश के लोगों की जन आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा है कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है इसलिए उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाना चाहिए।

प्रतिभा सिंह ने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को भी उनके नए पदभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

बाद में प्रतिभा सिंह ने ओक ओवर जाकर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से भी शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का जीवन परिचय

स्व. श्री रसील सिंह के सुपुत्र सुखविंदर सिंह सुक्खू का जन्म 27 मार्च, 1964 को नादौन, जिला हमीरपुर में हुआ। उन्होंने एम.ए.,एल.एल.बी. की शिक्षा ग्रहण की है तथा उनका विवाह कमलेश ठाकुर से हुआ। उनकी दो सुपुत्रियां हैं।

वह वर्ष 1981-82 तथा 1982-83 में राजकीय स्नातक महाविद्यालय संजौली शिमला के कक्षा प्रतिनिधि रहे। वर्ष 1983-1984 में वह राजकीय स्नातक महाविद्यालय संजौली, शिमला के महासचिव निर्वाचित हुए तथा वर्ष 1984-85 में राजकीय डिग्री महाविद्यालय संजौली के अध्यक्ष निर्वाचित किए गए।

वर्ष 1985-86 के दौरान वह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विभागीय प्रतिनिधि रहे तथा वर्ष 1989-95 तक राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1995-1998 तक वह प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव, वर्ष 1998-2008 तक प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1992-97 और 1997-2002 तक वह दो बार नगर निगम शिमला के पार्षद चुने गए। वर्ष 2008 से 2012 तक वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और 8 जनवरी, 2013 में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने।

वर्ष 2003 और वर्ष 2007 में वह प्रदेश विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए। वर्ष 2007-12 तक कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक रहे।

सुखविंदर सिंह सुक्खू दिसंबर, 2017 में तीसरी बार विधायक के रूप में चुने गए और सार्वजनिक उपक्रम, विशेषाधिकार और व्यापार सलाहकार समितियों के सदस्य के रूप में नामित हुए।

दिसंबर, 2022 में वह चौथी बार फिर प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए हैं और अब मुख्यमंत्री पद का पदभार ग्रहण किया।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जीवन परिचय

मुकेश अग्निहोत्री का जन्म स्व.ओंकार चन्द शर्मा के घर 9 अक्तूबर, 1962 को हुआ। वह मूल रूप से गाँव व डाकघर गोंदपुर, जिला ऊना से संबंध रखते हैं।

उन्होंने बी.एस.सी., लोक सम्पर्क एवं विज्ञापन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और एम.एस.सी गणित की शिक्षा ग्रहण की है। उनका विवाह सिम्मी अग्निहोत्री से हुआ और उनकी एक पुत्री है।

उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक देश के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में कार्य किया। वह हिमाचल प्रदेश सरकार की प्रैस प्रत्यायन कमेटी के सदस्य, राज्य प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य, हि.प्र. विधानसभा की प्रेस गैलरी समिति के सदस्य और राज्य सरकार की पहाड़ी भाषा समिति के सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा, वह प्रेस क्लब, शिमला, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव और प्रदेश कांग्रेस समिति के मीडिया सैल के महासचिव रह चुके हैं।

मार्च, 2003 में वह पहली बार संतोखगढ़ (अब हरोली) विधानसभा से प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। उसके उपरांत वह वर्ष 2007, 2012, 2017 और 2022 में प्रदेश विधानसभा सदस्य के रूप में पांचवीं बार निवाचित हुए।

मुकेश अग्निहोत्री 2003 से 2005 तक मुख्य संसदीय सचिव तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के आवास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। दिसंबर 2012 से 2017 के कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रदेश के उद्योग, श्रम एवं रोज़गार, संसदीय मामले और सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2017 से 2022 तक वह सदन में नेता प्रतिपक्ष रहे।

दिसंबर, 2022 में वह 14वीं विधानसभा के लिए पुनः निर्वाचित हुए हैं और प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला है।

श्रेष्ठ होने का अनंत प्रयास मनुष्य का कर्तव्य है, यह अपना प्रतिफल है। बाकी सब कुछ भगवान के हाथ में है। ......महात्मा गांधी

सम्पादकीय

व्यवस्था परिवर्तन–कुछ सवाल

हिमाचल में सत्ता परिवर्तन हो गया है कांग्रेस की सरकार बन गयी है। नई सरकार के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह ने दावा किया है कि वह इस सत्ता परिवर्तन के माध्यम से प्रदेश की व्यवस्था बदलने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री के इस दावे की चर्चा करने से पहले प्रदेश की इस समय की व्यवस्था को समझना आवश्यक हो जाता है। परिवार से लेकर प्रदेश और देश के संचालन तक के लिए कुछ नियम कानून तथा प्रथाएं स्थापित की जाती है। जब इन स्थापित मानकों की किसी भी कारण से अनदेखी की जाने लगती है तभी व्यवस्था के गड़बड़ाने के आरोप लगने शुरू हो जाते हैं। यह अनदेखी उस समय और भी गंभीर सवाल बन जाती है जब व्यवस्था के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति अपने ही फैसलों को अंतिम सच मानना और प्रचारित करना शुरू कर देता है। आज राष्ट्रीय स्तर पर यह स्थिति उस मोड़ तक पहुंच गयी है जहां सर्वोच्च न्यायालय को भी यह कहना पड़ा है कि जब कानून है तो उसे मानना ही पड़ेगा। नियमों कानूनों की अनुपालना ही व्यवस्था होती है। प्रदेश में दर्जनों मामले हैं जहां पर नियमों कानूनों की अवहेलना हुई है। इसमें सबसे पहले प्रदेश की वित्तीय स्थिति आती है। जब जयराम सरकार ने सत्ता संभाली थी तब प्रदेश का कर्ज भार 46,000 करोड़ था जो आज बढ़कर 70,000 करोड़ भी कहीं ज्यादा हो गया है। जबकि एफ.आर.वी.एम. के मुताबिक यह कर्ज डी.जी.पी. के 3% से अधिक नहीं होना चाहिये। कर्ज को 3% के दायरे में ही रखने के लिये केंद्र एक बार प्रदेश को चेतावनी भी दे चुका है। पिछले मानसून सत्र के बाद प्रदेश के करीब हर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की योजनाएं घोषित हुई हैं। क्या इस आश्य के प्रशासनिक प्रस्तावों को अनुमोदित करने से पहले वित्तीय अनुमोदन लिया गया है? क्या ऐसे अनुमोदन पर कर्ज के बिना भी धन की उपलब्धता रही है? क्या कर्ज लेकर घी पीने की प्रथा व्यवस्था पर एक गंभीर सवाल नहीं बन जाता है। रेवड़ी संस्कृति पर राष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठने के बाद यह मामला भी सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है। केन्द्र सरकार जयराम की सरकार को कोई आर्थिक सहायता नहीं दे पायी है तो सुक्खु सरकार को ऐसी सहायता मिल पाना कठिन लगता है। सरकार को 10 गारन्टीयां पूरी करनी है और कुछ तो पहली बैठक में ही पूरी करनी होगी। वित्त विभाग कर्ज के अतिरिक्त और कोई उपाय पिछली सरकार को नहीं सुझा पाया है तो अब कैसे कर पायेगा। यह सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। जबकि प्रदेश की जानकारी रखने वालों का मानना है कि कर्ज और करों का बोझ बढ़ाये बिना भी सरकार चलाई जा सकती है। इसके लिए जनता को विश्वास में लेना होगा और इस विश्वास के लिए श्वेत पत्र जारी करना पहली आवश्यकता होगी। कांग्रेस ने जनता से वादा किया है कि वह पिछले छः माह में लिये गये फैसलों की समीक्षा करके उन्हें बदलेगी। क्या गलत फैसलों के लिये किसी को जिम्मेदार भी ठहराया जायेगा यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि इस दौरान कुछ विभागों में भ्रष्टाचार के कई गंभीर मामले घटे हैं। पिछली सरकार प्रशासन के साथ कितना तालमेल बिठा पायी थी इसका पता इसी से चल जाता है कि सात मुख्य सचिव बदलने पड़े क्योंकि वरीयता को नजरअन्दाज करने का जो कदम पहले दिन से ही उठ गया उसे अन्त तक सुधारा नहीं जा सका। यदि किसी ने मत विभिन्नता प्रकट की तो उसे विरोधी मानकर कुचलने का प्रयास किया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि भ्रष्टाचार मुख्य संस्कृति बन गयी और भ्रष्टाचार के किसी भी प्रकरण पर कोई कार्यवाही नहीं हो पायी बल्कि विपक्ष तक अपरोक्ष में धमकियां दी गयी। आज सुक्खु सरकार विरासत में मिली इस वस्तुस्थिति से बाहर निकल कर व्यवस्था परिवर्तन तभी कर पायेगी यदि वरीयता और नियम कानूनों को अभिमान दे पायी अन्यथा यह सिर्फ कागजी दावा होकर रह जायेगा।

उर्दू के सबसे पहले शायर को आप कितना जानते हैं?

गौतम चौधरी

हम बात अपने शीर्षक से ही प्रारंभ करते हैं। मसलन, उर्दू के पहले शायर, वली मोहम्मद वली को हमारी पीढ़ी कितना जानती है, इस पर पड़ताल करने की जरूरत है। शायद हमारे पाठकों को यह भी पता नहीं होगा कि जब गुजरात में हिन्दुत्व के नए वर्जन का प्रयोग चल रहा था तो वली की मजार को जमींनदोज कर दिया गया। किन लोगों ने किया, पता नहीं लेकिन वली आज भी जिंदा हैं, उर्दू शेरोशायरी में। दूसरी बात यह है कि उर्दू के रहनुमाओं ने आस्था और पांथिक सोच के आधार पर पाकिस्तान की परिकल्पना प्रस्तुत करने वाले मोहम्मद इकबाल को तो अल्लामा बना दिया और उनके जन्मदिन को उर्दू दिवस के रूप में मनाने लगे लेकिन वली को भुला दिया, जिन्होंने उर्दू जुबान को बहरो से आबद्ध किया, ठेठ बोली को साहित्य का दर्जा दिला दिया। आइए आज हम इसी विषय पर चर्चा करते हैं।

भारतीय उपमहाद्वीप के शुरुआती शास्त्रीय उर्दू शायरों में वली का नाम सबसे बुलंद है। वली को उर्दू शायरी के जन्मदाता के तौर पर भी जाना जाता है। उनकी पैदाइश 1667 में मौजूदा महाराष्ट्र सूबे के औरंगाबाद शहर में हुई। यही कारण है कि उन्हें वली दकनी यानी दक्षिणी और वली औरंगाबादी भी कहा जाता है। वली का एक नाम वली गुजराती भी है। दरअसल, वली का अंतिम पड़ाव गुजरात का अहमदाबाद शहर था। उनकी मृत्यु अहमदाबाद में ही हुई। इस वजह से उन्हें वली गुजराती के नाम से भी पहचाना जाता है।

कहा जाता है कि वली दकनी से पहले हिंदुस्तानी शायरी फारसी में हुआ करती थी। उनकी शायरी के खयाल और अंदाज पर सादी, जमी और खाकानी जैसे फारसी के उस्तादों की छाप साफ नजर आती थी। वली ने ही पहली बार शायरी के लिए खालिस हिंदुस्तानी जबान उर्दू की बेशुमार गुंजाइशों और दिलकश खूबसूरती का पता दिया। वली ही थे, जिन्होंने न सिर्फ उर्दू में गजलें लिखने की शुरुआत की बल्कि इसी शीरीं जबान में अपना दीवान भी रचा। वली ने न सिर्फ शायरी के लिए भारतीय जबान और रस्मुल खत (लिपि) ''रेख्ता'' (उर्दू का पुराना नाम) को चुना, बल्कि उन्होंने भारतीय मुहावरे, भारतीय खयाल (कल्पना) और इसी मुल्क की थीम को भी अपने कलाम की बुनियाद बनाया। इस तरह मुकामी अवाम उर्दू शायरी से जुड़ गई।

वली को सफर करना बेहद पसंद था और वो इसे सीखने का एक जरिया मानते थे। 1700 में अपनी गजलों के दीवान के साथ जब वो दिल्ली पहुंचे, तो शुमाली (उत्तरी) भारत के अदबी हल्कों में एक हलचल पैदा हो गई। जौक, सौदा और मीर तकी मीर जैसे महान उर्दू शायर वली की रवायत को अपनाया। उस दौर में सबको समझ आने वाली उर्दू जबान में उनकी आसान और बामानी शायरी ने सबका दिल जीत लिया। दरअसल, वली का दिल्ली पहुंचना उर्दू गजल की पहचान, तरक्की और फैलाव की शुरुआत के तौर पर देखा जाता है। यह उर्दू जबान का वह दौर है जब वह भाषा बनने की दिशा में मजबूत छलांग लगाया।

एक ओर वली ने जहां शायराना इजहार के जरिए भारतीय जुबान की मिठास और मालदारी से वाकफि कराया, वहीं फारसी के जोश और मजबूती को भी कायम रखा, जिसका उन्होंने अपनी नज्मों में बखूबी इस्तेमाल किया। वली को शायरी की उस जदीद (आधुनिक) जबान का मेमार (शिल्पी) कहा जाना अतिशयोक्ति नहीं होगी, जो हिंदी और फारसी अल्फाजों का बेहतरीन मिश्रण है।

1707 में वली मोहम्मद वली का अहमदाबाद में इंतकाल हुआ और वहीं उन्हें दफना दिया गया। 2002 के मनहूस कौमी दंगों के दौरान दंगाइयों ने वली दकनी के मजार को तहस–नहस कर दिया, जो शहर के पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर मौजूद थी। मगर अब वहां वली दकनी की मजार का कोई नामोनिशान नहीं है। चलो मजार में न सही हिन्दवी जबान में तो वली आज भी हमारे बीच हैं।

वली दकनी उर्दू के पहले शायर तो थे ही, जिन्होंने शायरी के हर रूप में अपने कमाल का मुजाहिरा किया। इसके अलावा मसनवी, कसीदा, मुखम्मा और रुबाई में भी उन्होंने हाथ आजमाया, मगर गजल उनकी खासियत थी। वली की पसंदीदा थीम इश्क और मोहब्बत थी। इसमें सूफियाना और दुनियावी, दोनों ही तरह का इश्क शुमार था। मगर उनकी शायरी में हमें ज्यादानजर खुशनुमा इकरार और मंजूरी आती है। इसके बरअक्स उदासी, मायूसी और शिकायत कुछ कम ही महसूस होती है। वली इस मामले में भी पहले उर्दू शायर थे, जिसने उस दौर के चलन के खिलाफ जाकर आदमी के नजरिए से प्यार का इजहार करने की शुरुआत की।

इस महान साहित्यकार को तो मैं नमन करता हूं लेकिन एक प्रश्न मुझे बराकर परेशान करता है कि वली के नाम पर उर्दू दिवस क्यों नहीं, आखिर पाकिस्तान के व्याख्याकार मोहम्मद इकबाल के नाम यह तगमा क्यों? हमें विचार करना चाहिए। साथ ही भारत सरकार को इस दिशा में एक रणनीति बनाकर उर्दू की सियासत को नई दिशा देनी चाहिए।

एन.एस.एफ.डी.सी की सावधि ऋण योजना के लाभार्थी रमेश लाल परमार की सफलता की कहानी

मैं 32 वर्ष का हो गया था लेकिन बेरोज़गार था और अपने परिवार के अवश्य

खर्चों को पूरा करना मेरे लिए बेहद कठिन हो रहा था। उसी दौरान एक समाचार पत्र में मैंने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सावधि ऋण योजना के बारे में पढ़ा और ऋण के लिए आवेदन कर दिया। मुझे रू 1,33,000 का ऋण प्राप्त हुआ जिससे मैंने डेरी फ़ार्मिंग का व्यवसाय शुरू किया। अब मैं प्रतिमाह एक अच्छी आय अर्जित कर रहा हूँ और नियमित रूप से ऋण की मासिक किश्तों का भुगतान भी कर रहा हूँ। आय से होने वाले लाभ से मैंने प्रतीक जानवर के लिए पर्याप्त जगह के साथ 1 अस्थाई शेड भी तैयार कर लिया है। अब मेरा परिवार भी गाँव में एक अच्छी सामाजिक आर्थिक स्थिति का आनंद लेते हुए 1 आरामदायक जीवन जी रहा है। एन.एस.एफ.डी.सी जैसी कल्याणकारी योजना शुरू करने के लिए मैं और मेरा परिवार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ऋणी है। जिन्होंने मेरे जैसे जाने कितने लोगों को स्वरोजगार करने का अवसर देते हुए आत्मनिर्भर बनाया है।

2022–23 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.8% की वृद्धि होने का अनुमान:आरबीआई

आरबीआई ने रेपो रेट बढ़ाकर 6.25% किया

शिमला। दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत रेपो दर को 35 आधार अंक बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है। परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.00 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफऋ दर और बैंक दर 6.50 प्रतिशत पर समायोजित हुई है। आरबीआई के यूट्यूब चैनल के माध्यम से आरबीआई का द्वैमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य देते हुए, गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने समायोजन को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है, ताकि मुद्रास्फीति लक्ष्य के भीतर बनी रहे और विकास को समर्थन दिया जा सके।

मौद्रिक नीति के मूल कारण की व्याख्या करते हुए, आरबीआई गवर्नर ने कहा कि एमपीसी का विचार था कि मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर रखने, मुद्रास्फीति निश्चित सीमा के भीतर बनाए रखने (मुख्य मुद्रास्फीति की दृढ़ता को तोड़ने और दूसरे दौर के प्रभावों को रोकने के लिए, सटीक मौद्रिक नीति कारवाई की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये कार्य, भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को मजबूत करेंगे।

2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है

गवर्नर ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अर्थव्यवस्था में 6.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, तीसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत। 2023-24 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी विकास दर 7.1 प्रतिशत और दूसरी तिमाही के लिए 5.9 प्रतिशत अनुमानित है। गवर्नर चाहते हैं कि हम इस बात पर ध्यान दें कि 2022-23 के लिए हमारे विकास अनुमान में इस संशोधन के बाद भी, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहेगा।

मुद्रास्फीति के संबंध में, गवर्नर ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति के 2022-23 में 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

गवर्नर ने निष्कर्षों को संक्षेप में इस प्रकार प्रस्तुत किया, भारत में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि सहनशील बनी हुई है और मुद्रास्फीति के कम होने की उम्मीद है(लेकिन मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है।

भारतीय रुपये की कहानी, सहनीयता और स्थिरता गवर्नर ने इस वर्ष अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने की बात कही, जिससे भारतीय रुपये (आईएनआर) सहित सभी प्रमुख वैश्विक मुद्राओं में बड़े पैमाने पर मूल्यह्रास हुआ। उन्होंने सूचित किया कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती के इस प्रकरण के माध्यम से, आईएनआर अन्य मुद्राओं की तुलना में सबसे कम प्रभावित रही है। वास्तव में, आईएनआर, कुछ को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले मजबूत हुआ है। गवर्नर ने उल्लेख किया कि आईएनआर की कहानी, भारत की सहनीयता और स्थिरता की कहानी में से एक रही है।

गवर्नर ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार बेहतर स्थिति में है और इसमें वृद्धि भी हुई है। यह 21 अक्तूबर, 2022 के 524.5 बिलियन अमेरिकी ड लर से बढ़कर 2 दिसंबर, 2022 को 561.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का बाहरी ऋण अनुपात अंतरराष्ट्रीय मानकों से कम है।

गवर्नर ने चार अतिरिक्त उपायों की घोषणा की:

बैंकों को निवेश प्रबंधन में अतिरिक्त सुविधा मिली

बैंकों को 1 सितंबर, 2020 और 31 मार्च, 2022 के बीच प्राप्त वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) पात्र प्रतिभूतियों के लिए, 31 मार्च, 2023 तक शुद्ध मांग और समय देनदारियों (एनडीटीएल) की 22 प्रतिशत की परिपक्वता (एचटीएम) सीमा की विशेष छूट दी गई थी। अब 23 प्रतिशत की बढ़ी हुई एचटीएम सीमा को 31 मार्च, 2024 तक विस्तार देने का निर्णय लिया गया है। बैंकों को अब 1 सितंबर, 2020 से 31 मार्च, 2024 के बीच अधिग्रहित प्रतिभूतियों को बढ़ी हुई एचटीएम सीमा में शामिल करने की अनुमति होगी। इससे बैंकों को अपने निवेश पोर्टफोलियो के प्रबंधन में और सुविधा मिलेगी।

यूपीआई और मजबूत हुआ

सिंगल-ब्लॉक-एंड-मल्टीपल -डेबिट कार्यक्षमता शुरू करके यूपीआई की क्षमताओं को और बढ़ाया जाएगा। यह सुविधा ग्राहक को विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अपने खाते में धनराशि बनाये रखने में सक्षम करेगी, जिसे जब भी जरूरत हो, डेबिट किया जा सकेगा। इससे रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म के साथ-साथ ई-कॉमर्स लेनदेन सहित प्रतिभूतियों में निवेश के लिए भुगतान करने में आसानी होगी।

भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) का दायरा व्यापक हुआ

बीबीपीएस का दायरा बढ़ाया जा रहा है, ताकि भुगतान और संग्रह की सभी श्रेणियों, आवर्ती और गैर-आवर्ती दोनों तथा सभी श्रेणियों के बने बिलों (व्यवसायों और व्यक्तियों) को शामिल किया जा सके। यह बीबीपीएस प्लेटफॉर्म को व्यक्तियों और व्यवसायों के व्यापक समूह के लिए सुलभ बना देगा, जो पारदर्शी भुगतान अनुभव से लाभ उठा सकते हैं, जिससे उन्हें धन तक तेजी से पहुंच प्राप्त होगी और उनकी दक्षता में सुधार होगा।

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफ़एससी) में सोने की बचाव-व्यवस्था

भारत में निवासी संस्थाओं को वर्तमान में विदेशी बाजारों में सोने की कीमत के जोखिम के प्रति अपने जोखिम के बचाव की अनुमति नहीं है। इन संस्थाओं को अपने सोने के जोखिमों के मूल्य जोखिम को कम करने के लिए अधिक सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से, निवासी संस्थाओं को अब मान्यता प्राप्त आधार पर अपने सोने की कीमत के जोखिम से बचाव करने की अनुमति दी जाएगी।

आईएफ़एससी में एक्सचेंज

इस उपाय से सोने के आयातकों/निर्यातकों को लाभ होगा जैसे आभूषण निर्माता और उद्योग, जो सोने का उपयोग, मध्यवर्ती या कच्चे माल के रूप में करते हैं।

'भारत की जी20 अध्यक्षता हमें एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती है'

गवर्नर ने हमारे देश की दीर्घकालिक क्षमता, विशेष रूप से हरित ऊर्जा स्रोत, आपूर्ति श्रृंखला और लोजिस्टिक्स की पुन:संरचना, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय सेवा और नवाचार तकनीक को बेहतर बनाने के प्रति काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और कहा कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपार अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता, हमें अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने का ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती है। हमारे अध्यक्षता की थीम है- 'वसुधैव कुटुम्बकम', जो सार्वभौमिक कल्याण के लिए वैश्विक सहयोग से जुड़ी हमारी दृष्टि को दर्शाता है। गवर्नर ने कहा कि हमें आशावादी बने रहना चाहिए और गांधीजी के निम्नलिखित शब्दों से प्रेरणा लेनी चाहिए: 'कोई यह न सोचें कि यह असंभव है, क्योंकि यह कठिन है। यह सर्वोच्च लक्ष्य है और इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इसे प्राप्त करने के लिए उच्चतम प्रयास आवश्यक हैं।'

जी20 भारत में एल20: श्रमिक वर्ग के लिए कार्यरत

हिरण्मय पंड्या
अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस)और श्रम-20 के अध्यक्ष

कोविड-19 महामारी ने हमें वैश्विक जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में चुनौतियों और कमियों के प्रति सचेत किया है। महामारी के सदमे ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को समान रूप से प्रभावित किया। वैज्ञानिक समुदाय, स्वास्थ्यकर्मियों, नीति निर्माताओं, जागरूक नागरिकों के अथक और सहयोग से जुड़े प्रयासों के कारण, हम अब काफी हद तक इससे उबर चुके हैं। हालांकि, दुनिया भर कुछ घटनाक्रमों, जैसे मुद्रास्फीति की उच्च दर और रूस-यूक्रेन संघर्ष, के कारण स्थितियों के सामान्य होने में बाधायें उत्पन्न हुई हैं। श्रमिकों और कंपनियों के कुछ समूहों पर अनुपात से अधिक कुप्रभाव के कारण श्रम बाजार की असमानताओं में भी वृद्धि हुई है, जिसने विकसित तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच अंतर को और बढ़ाया है। इसके साथ ही, सरकारों और नागरिक समाज के समन्वित प्रयासों ने संसाधनों के समान वितरण के लिए एक सेतु का काम किया है। उदाहरण के लिए, सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान से, खासकर लॉकडाउन अवधि के दौरान, लोगों को इस कठिन समय का मुकाबला करने में मदद मिली। यह उन श्रमिकों के लिए भी सहायक था, जिनकी या तो नौकरी चली गई थी या उन्हें वेतन में कटौती का सामना करना पड़ रहा था। सरकार और नागरिक समाज के बीच यह सामंजस्य, न केवल संकट को कम करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि इसने नीतिगत योजनायें भी तैयार की, जो दीर्घकालिक राहत प्रदान करने में सफल रहीं।

हालांकि, अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। भारत की जी20 अध्यक्षता(स्थिति का जायजा लेने, इन चुनौतियों की गंभीरता का आकलन करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी प्रतिबद्धताओं के नवीनीकरण का अवसर प्रदान करती है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एक मजबूत सुधार के बावजूद, वैश्विक स्तर पर काम के घंटों की संख्या, पूर्व-कोविड स्तरों से 1.5 प्रतिशत नीचे बनी हुई है। यह लगभग 40 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों की हानि के बराबर है। इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय श्रम बाजार में भी भिन्नताएं बढ़ रहीं हैं। उदाहरण के लिए, सेवा प्रदाता और सेल्स जैसे 'निम्न और मध्यम कुशल' नौकरियों की तुलना में 'उच्च कुशल, उच्च भुगतान वाले'व्यवसायों में मजबूत वापसी हुई है। इन घटनाक्रमों से असमानता प्रत्यक्ष रूप से बढ़ी है तथा गरीब एवं वंचित समुदाय(और गरीब हो रहे हैं तथा हाशिए पर जाने के लिए बाध्य हैं। महामारी के कारण देखभाल (कार्य)अर्थव्यवस्था पर भी बहुत प्रभाव पड़ा, जिसका बोझ महिलाओं को अधिक अनुपात में सहन करना पड़ा। इन मुद्दों की पहचान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें संरचनात्मक और प्रणालीगत समाधानों पर रणनीतिक रूप से विचार-विमर्श करने की सुविधा देगा तथा जो त्वरित और समावेशी वापसी (रिकवरी) के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। इस संदर्भ में, कारवाई- उन्मुख लक्ष्यों के आधार पर काम करना समय की मांग है-एक ऐसा अवसर, जो जी 20 सभी हितधारकों को प्रदान करता है।

जी-20 की बैठक आम सहमति बनाने और उन मुद्दों पर मिलकर काम करने के लिए बेहद उपयुक्त समय पर हो रही है, जो न केवल सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने, बल्कि सभी क्षेत्रों को सहनीय बनाने के लिए भी आवश्यक हैं। यह वैश्विक श्रम बाजार के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां बदलती कार्यप्रणाली और आर्थिक अस्थिरता, श्रमिक वर्ग को कमजोर बनाती है। इन उद्देश्यों को देखते हुए, श्रम-20 (एल-20) सभी ट्रेड यूनियनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम मुद्दों और सामाजिक श्रम आंदोलनों पर विचार-विमर्श करने का एक मंच बन जाएगा तथा यह मंच बाद में उन समाधानों को सामने रखेगा, जिन पर राष्ट्रीय संदर्भों में कारवाई की जा सकती है।

एल-20 के विशेष ध्यान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है - दुनिया भर में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा का कवरेज बढ़ाना। सामाजिक सुरक्षा एक गतिशील अवधारणा है, जिसके स्वरूप और जिसकी परिभाषा में समय के साथ बदलाव हुए हैं। तेजी से हुए तकनीकी बदलावों ने सामाजिक सुरक्षा और संरक्षा के नए आयामों का पता लगाना आवश्यक बना दिया है। 'गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्क' की शुरुआत के साथ, कंपनियों की जीवन-अवधि छोटी होती जा रही है और एक नए प्रकार का नियोक्ता-कर्मचारी संबंध विकसित हो रहा है, जिसके बारे जानकारी व समझ अभी भी प्रारंभिक चरण में है। रोजगार से जुड़े सामाजिक सुरक्षा के नियम, जो पहली औद्योगिक क्रांति के बाद उभरे थे और जो दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान परिपक्व हुए, उन्हें उद्योग 4.0 के युग में फिर से लिखे जाने की आवश्यकता है।

